**Series HMJ/C** | **SET-4**

कोड नं.
Code No. **62/C**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **11** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **38** questions. |
| (IV) | कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें । | (IV) | Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it. |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# समाजशास्त्र

# SOCIOLOGY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* *प्रश्नों की कुल संख्या* ***38*** *है ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र* **चार** *खण्डों में विभाजित है ।*

*(iii)* ***खण्ड क*** *– प्रश्न संख्या* ***1 – 20*** *वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***1*** *अंक हैं । इनके उत्तर निर्देशानुसार दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख*** *– प्रश्न संख्या* ***21 – 29*** *अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***2*** *अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***30*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* ***खण्ड ग*** *– प्रश्न संख्या* ***30 – 35*** *लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***4*** *अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***80*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ*** *– प्रश्न संख्या* ***36 – 38*** *दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के* ***6*** *अंक हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* ***200*** *शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए । प्रश्न संख्या* ***38*** *का उत्तर दिए गए अनुच्छेद के आधार पर देना है ।*

## खण्ड क

**1.** सती प्रथा के प्रतिरक्षकों ने अपनी प्रस्थिति को बचाने के लिए धर्म सभा स्थापित की, यह ________ का एक उदाहरण है । *1*

**2.** अधिकांश आंदोलन विमोचक (मुक्ति-संबंधी), सुधारवादी तथा क्रांतिकारी तत्त्वों का मिश्रण होते हैं । (बताइए सही या ग़लत) *1*

**3.** सामाजिक आंदोलन के सिद्धांतों के अनुसार, सामाजिक संघर्ष तब उत्पन्न होता है जब एक सामाजिक समूह यह महसूस करता है कि वह अपने आस-पास वालों से बुरी दशा में है । इसे ________ कहते हैं । *1*

(A) सामूहिक क्रिया का तर्क

(B) स्रोतों का संग्रहण

(C) सापेक्षिक वंचन

(D) विमोचक (मुक्ति-संबंधी) क्रिया

**4.** 1960 में पंजाब और तमिल नाडु में किसानों के नए आंदोलन शुरू हुए जो कि बहुत तीव्र रूप से राष्ट्र-विरोधी और ग्राम–विरोधी थे । (कथन को सही कीजिए) *1*

**5.** एक विनिमय का बिल जिसे भारत में पूर्व-औपनिवेशिक काल में व्यापारी लंबी दूरी के व्यापार में इस्तेमाल करते थे, इसे ________ कहते हैं । *1*

**6.** भारत ने तमिल नाडु के एक व्यापारी समुदाय ________ के आर्थिक क्रियाकलापों के द्वारा एक 'देशज' पूँजीवाद का अनुभव किया है । *1*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *There are **38** questions in all. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided in **four** sections.*

*(iii)* ***Section A** – Question nos. **1 – 20** are objective type questions, carrying **1** mark each. You are required to answer them as directed.*

*(iv)* ***Section B** – Question nos. **21 – 29** are very short-answer type questions, carrying **2** marks each. Answer to each question should not exceed **30** words.*

*(v)* ***Section C** – Question nos. **30 – 35** are short-answer type questions, carrying **4** marks each. Answer to each question should not exceed **80** words.*

*(vi)* ***Section D** – Question nos. **36 – 38** are long-answer type questions, carrying **6** marks each. Answer to each question should not exceed **200** words. Question no. **38** is to be answered on the basis of the passage given.*

## SECTION A

**1.** Defenders of Sati formed Dharma Sabha in defence of status quo is an example of _________. *1*

**2.** Most movements have a mix of redemptive, reformist and revolutionary elements. (State true of false) *1*

**3.** According to the theories of social movements, social conflict arises when a social group feels that it is worse off than others around it. This is referred to as _________. *1*

(A) the logic of collective action

(B) resource mobilisation

(C) relative deprivation

(D) redemptive action

**4.** The new farmers' movements began in the 1960s in Punjab and Tamil Nadu and were strongly anti-national and anti-rural. (Correct the statements) *1*

**5.** A Bill of Exchange which allowed merchants to engage in long distance trade during pre-colonial period in India, is called ________. *1*

**6.** India has experienced 'indigenous' capitalism through the economic activities of ________, a business community of Tamil Nadu. *1*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**7.** बढ़ते भूमंडलीय बाज़ार में संस्कृति अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन के लिए एक पण्य पदार्थ या माल बन गई । (बताइए सही या ग़लत) *1*

**8.** भारतीय बाज़ार में विदेशी कंपनियों का आना __________ प्रक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण घटक है । *1*

**9.** आदिवासी का शाब्दिक अर्थ है : *1*

(A) जंगल में रहने वाले
(B) प्राचीन निवासी
(C) अनैच्छिक निवासी
(D) मूल निवासी

**10.** सामाजिक स्तरीकरण वह व्यवस्था है जिसमें लोग संस्तरण (पदानुक्रम) में नहीं रहते । (बताइए सही या ग़लत) *1*

**11.** जाति पर आधारित संघों (साहचर्य) और राजनीतिक दलों का बनना जाति की लोकप्रियता मानी जाती है । (कथन को सही कीजिए) *1*

**12.** भारतीय समाज में कला, साहित्य, संगीत एवं वास्तुशास्त्रों के क्षेत्र में __________ का औपनिवेशिक प्रभाव देखा गया है । *1*

(A) पाश्चात्यकरण
(B) पंथनिरपेक्षीकरण
(C) आधुनिकीकरण
(D) संस्कृतीकरण

**13.** ________ जुर्माना तो लगा सकती है, लेकिन सज़ा नहीं दे सकती । *1*

**14.** ग्रामीण क्षेत्रों में ________ पंचायत पर्यावरण के अनुकूल नीतियों का निर्माण करती हैं । *1*

(A) वन
(B) ग्राम
(C) न्याय
(D) ज़िला

**15.** स्वाधीनता एवं बंधुत्व जैसे मूल्य ________ क्रांति से उत्पन्न होते हैं । *1*

(A) फ्राँसीसी और अमेरिकन
(B) ब्रिटिश और फ्राँसीसी
(C) फ्राँसीसी और रशियन
(D) ब्रिटिश और रशियन



collegedunia
India's largest Student Review Platform

7. Culture has become a commodity in growing global market for international tourism. (State true or false) *1*

8. The opening of Indian market to foreign companies has been the key factor of the process of ________. *1*

9. Adivasi literally means : *1*
   (A) forest inhabitants
   (B) ancient inhabitants
   (C) involuntary inhabitants
   (D) original inhabitants

10. Social stratification is a system in which people are not in a hierarchy. (State true or false) *1*

11. Formation of caste based associations and political parties is known as popularisation of caste. (Correct the statement) *1*

12. Colonial impact of ________ is seen in the field of art, literature, music and architecture in the Indian society. *1*
   (A) Westernisation
   (B) Secularization
   (C) Modernisation
   (D) Sanskritisation

13. ________ can impose fines, but cannot award a sentence. *1*

14. Environment friendly policies are made by the ________ Panchayat in the rural areas : *1*
   (A) Van
   (B) Gram
   (C) Nyaya
   (D) Zila

15. Values like liberty and fraternity are derived from ________ revolution. *1*
   (A) French and American
   (B) British and French
   (C) French and Russian
   (D) British and Russian


collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**16.** शमशान भूमि का रख-रखाव और कृषि कार्यों को आगे बढ़ाना पंचायतों के __________ उत्तरदायित्व कहलाते हैं । *1*

**17.** औपनिवेशिक भारत में कर एकत्र करने की एक व्यवस्था जिसमें सरकार कृषि करने वालों से सीधे राजस्व वसूलती थी, इस व्यवस्था को ________ कहते हैं । *1*

(A) जमींदारी व्यवस्था

(B) रैयतवारी व्यवस्था

(C) हलपति व्यवस्था

(D) जीता व्यवस्था

**18.** उत्तर प्रदेश में जाट एवं राजपूत और कर्नाटक में लिंगायत प्रभुत्व जाति के उदाहरण हैं । (बताइए सही या ग़लत) *1*

**19.** एक स्थिति जिसमें लोग कोई काम करके खुश नहीं हैं लेकिन अपने आप को जीवित रखने के लिए वह काम करते रहते हैं, इस स्थिति को ________ कहते हैं । *1*

**20.** भूमिगत खदानों में काम करने वाले मज़दूर बहुत ख़तरनाक अवस्था में काम करते हैं और वे बहुत गर्मी और बरसात दोनों स्थितियों में काम करते हैं । (कथन को सही कीजिए) *1*

## खण्ड ख

**21.** 1901 की जनगणना में दर्ज होने के बाद जाति ने एक नया जीवन शुरू किया । कैसे ? *2*

**22.** लोग जो सामान खरीदते हैं और इस्तेमाल करते हैं वह समाज में उनकी प्रस्थिति से किस रूप में संबद्ध है ? कोई दो उदाहरण दीजिए । *2*

**23.** क्षेत्रीयवाद क्या होता है ? *2*

**24.** सांस्कृतिक विविधता का क्या अर्थ होता है ? *2*

**25.** अंग्रेज़ी भाषा ने हमारे समाज को किस प्रकार प्रभावित किया है ? *2*

**26.** पंथनिरपेक्षीकरण का अर्थ बताइए । *2*

**अथवा**

संस्कृतीकरण क्या होता है ? *2*

**27.** 19वीं और आरम्भिक 20वीं शताब्दी में बने किन्हीं दो आधुनिक सामाजिक संगठनों के नाम बताइए । *2*

**28.** डॉ. अंबेडकर पंचायती राज व्यवस्था के आलोचक क्यों थे ? *2*



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**16.** Maintenance of burial grounds and promotion of agricultural activities are known as ________ responsibilities of the Panchayats. *1*

**17.** A system of tax collection in Colonial India in which the government collected the revenue directly with the cultivator is called : *1*

(A) Zamindari system

(B) Raiyatwari system

(C) Halpati system

(D) Jeeta system

**18.** Jat and Rajputs of U.P. and Lingayats in Karnataka are examples of dominant caste. (State true or false) *1*

**19.** A situation where people do not enjoy the work but continue to do it only in order to survive is called ________. *1*

**20.** Workers in underground mines face many dangerous conditions and they have to work both in hot sun and rain. (Correct the statement) *1*

## SECTION B

**21.** Caste began to take on a new life after being recorded in the 1901 census. How ? *2*

**22.** In what ways are the goods that people buy and use related to their status in society ? Give any two examples. *2*

**23.** What is regionalism ? *2*

**24.** What is the meaning of cultural diversity ? *2*

**25.** How has the English language impacted our society ? *2*

**26.** Give the meaning of the term Secularisation. *2*

**OR**

What is Sanskritisation ? *2*

**27.** Name any two modern social organisations formed in the 19th or early 20th century. *2*

**28.** Why was Dr. Ambedkar a critic of the Panchayati Raj System. *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**29.** एटक (ए.आई.टी.यू.सी.) के निर्माण ने औपनिवेशिक सरकार को मज़दूरों से व्यवहार करने के लिए अधिक सतर्क क्यों बना दिया था ? *2*

**अथवा**

तिभागा आंदोलन के पीछे का केन्द्रीय मुद्दा क्या था ? *2*

**खण्ड ग**

**30.** जनजाति एवं जाति में विभेद कीजिए । *4*

**31.** भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस (INC) ने किस प्रकार कराची अधिवेशन में एक घोषणा की और स्वयं को महिलाओं की समानता के लिए प्रतिबद्ध किया ? *4*

**अथवा**

जाति एवं जनजातीय भेदभाव के मामले में राज्य द्वारा दी गई पहलों की भूमिका की जाँच कीजिए । *4*

**32.** उपनिवेशवाद ने हमारे जीवन को कैसे प्रभावित किया ? *4*

**33.** अल्पसंख्यकों को संविधानात्मक संरक्षण क्यों दिया जाना चाहिए ? *4*

**34.** जैन ब्रेमन की 'घुमक्कड़ मज़दूर' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए । *4*

**35.** ठेकेदारी व्यवस्था में काम या रोज़गार किस प्रकार दिलवाया जाता है ? *4*

**अथवा**

एक उदाहरण द्वारा घर में किए जाने वाले काम की विवेचना कीजिए । *4*

**खण्ड घ**

**36.** जनांकिकीयों और समाजशास्त्रियों ने भारत में गिरते हुए स्त्री-पुरुष अनुपात के बहुत से कारण बताए हैं । विस्तार से वर्णन कीजिए । *6*

**37.** भूमंडलीकरण के आर्थिक आयामों की व्याख्या कीजिए । *6*

**अथवा**

भूमंडलीकरण और नए अन्तर्राष्ट्रीय श्रम विभाजन के प्रभाव की उदाहरण की सहायता से व्याख्या कीजिए । *6*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**29.** How has the formation of AITUC made the colonial government more cautious in dealing with labour ? *2*

**OR**

What was the central issue behind the Tebhaga movement ? *2*

## SECTION C

**30.** Differentiate between tribe and caste. *4*

**31.** State how the declaration of the Karachi session of INC committed itself to women's equality. *4*

**OR**

Examine the role of state's initiatives to address caste and tribe discrimination. *4*

**32.** How has colonialism impacted our lives ? *4*

**33.** Why should the minorities be given constitutional protection ? *4*

**34.** Explain Jan Breman's concept of footlose labour. *4*

**35.** How does job recruitment takes place through the contractor system ? *4*

**OR**

Explain home based work with an example. *4*

## SECTION D

**36.** Demographers and Sociologists have given several reasons for the decline in the sex ratio in India. Elaborate. *6*

**37.** Interpret the economic dimensions of globalisation. *6*

**OR**

With the help of an example explain the impact of Globalisation and a new International Division of Labour. *6*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**38.** नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर उसके आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *6*

औद्योगिक क्रांति के साथ ही, मुद्रण उद्योग का भी विकास हुआ । कुलीन मुद्रणालय के प्रथम उत्पाद साक्षर अभिजात लोगों तक ही सीमित थे । तत्पश्चात् 19वीं सदी के मध्य भाग में आकर जब प्रौद्योगिकियों, परिवहन और साक्षरता में और आगे विकास हुआ, तभी समाचार-पत्र जन-जन तक पहुँचने लगे । देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को एक जैसे समाचार पढ़ने या सुनने को मिलने लगे । ऐसा कहा जाता है कि इसी के फलस्वरूप देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोग परस्पर जुड़े हुए महसूस करने लगे और उनमें 'हम की भावना' विकसित हो गई ।

(अ) वो कौन-से विद्वान हैं जिन्होंने प्रिंट मीडिया की वृद्धि के प्रभाव का अध्ययन किया और इस समुदाय को उन्होंने क्या नाम दिया ?

(ब) 'हम की भावना' ने मोटे तौर पर हमारे राष्ट्र पर कैसे प्रभाव डाला ?

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**38.** Read the passage given below and answer the questions that follow : *6*

With the Industrial Revolution, the print industry also grew. The first products of the press were restricted to an audience of literate elites. It was only in the mid $19^{th}$ century, with further development in technologies, transportation and literacy that newspapers began to reach out to a mass audience. People living in different corners of the country found themselves reading or hearing the same news. It has been suggested that this was in many ways responsible for people across a country to feel connected and develop a sense of belongingness or 'we feeling'.

(a) Who was the scholar who studied the impact of the growth of print media and what name did he give to this community ?

(b) How did the 'we feeling' have an impact on our nation at large ?

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform